नामांक Roll No.

Sl.No. :

|  |  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |  |

No. of Questions – 20

No. of Printed Pages – 11

**SS–29–Sociology (Supp.)**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक पूरक परीक्षा, 2025

# SENIOR SECONDARY SUPPLEMENTARY EXAMINATION, 2025

## समाजशास्त्र

## SOCIOLOGY

समय : 3 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्नपत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

**All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

यहाँ से काटिए

5) **प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

6) **प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

Write down the serial number of the question before attempting it.

7) **प्रश्न क्रमांक** 14 **से** 20 **में आंतरिक विकल्प है।**

In Question Nos. 14 to 20 each have internal choice.

## खण्ड – अ

## SECTION - A

**1)** **बहुविकल्पीय प्रश्न (i से xviii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**
Choose the correct answer of multiple choice questions (i to xviii) and write in given answer book.

i) **डेमोग्राफी शब्द किस भाषा से बना है?** **[1]**

**अ) यूनानी** **ब) स्पेनिश**

**स) जर्मन** **द) हिन्दी**

From which language is the word demography derived/composed?

A) Greek B) Spanish

C) German D) Hindi

ii) **माल्थस के अनुसार जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के उपाय है –** **[1]**

**अ) कृत्रिम निरोध** **ब) प्राकृतिक निरोध**

**स) (अ) व (ब) दोनों** **द) इनमें से कोई नहीं**

According to Thomas Malthus the way to control population growth are -

A) Preventive checks B) Positive checks

C) Both (A) and (B) D) None of above

iii) **निम्नलिखित में से जाति की विशेषता नहीं है?** **[1]**

**अ) समाज का खण्डात्मक विभाजन** **ब) अर्जित प्रस्थिति**

**स) परंपरागत व्यवसाय** **द) सोपानिक व्यवस्था**

Which of the following is not a characteristics of caste?

A) Segmental division of society B) Achieved status

C) Traditional occupation D) Hierarchical system

iv) **निम्नलिखित में से आरंभिक राजनीतिक अर्थशास्त्री कौन है?** **[1]**

**अ) कार्ल मार्क्स** **ब) एडम स्मिथ**

**स) एल्फ्रेड गेल** **द) डेविड रूडनर**

Who among the following is an earlier political economist

A) Karl Marx B) Adam Smith

C) Alfred Gell D) David Rudner

v) गैर बाजारी विनिमय व्यवस्था का उदाहरण है। [1]

अ) जजमानी व्यवस्था ब) शिकारी अवस्था

स) पूंजीवादी व्यवस्था द) साम्यवादी व्यवस्था

What is an example of 'non-market exchange system'?

A) Jajmani system B) Hunting stage

C) Capitalist system D) Communist system

vi) 'स्त्री–पुरूष तुलना' पुस्तक के लेखक कौन है? [1]

अ) सावित्रीबाई फुले ब) कस्तूरबा गाँधी

स) इरावती कर्वे द) ताराबाई शिंदे

Who is the author of the book 'Stree-Purush Tulna' (comparison of Men and Women)?

A) Savitribai Phule B) Kasturba Gandhi

C) Irawati Karve D) Tarabai Shinde

vii) निम्नलिखित में से कौन–सा जातीय पूर्वाग्रह औपनिवेशिक शासन से संबंधित नही है? [1]

अ) वीर प्रजाति ब) कायर जातियाँ

स) चालाक जातियाँ द) वर्ण व्यवस्था

Which of the following caste prejudices is not related to colonial rule?

A) Martial races B) Cowardly castes

C) Cunning castes D) Varna system

viii) राष्ट्र का अंतर/भेद दर्शाने वाली सबसे नजदीकी कसौटी क्या है? [1]

अ) राज्य ब) संघर्ष

स) बाजार द) इनमें से कोई नहीं

What is the closest criterion to show distinguishing a nation is?

A) State B) Conflict

C) Market D) None of these

ix) भारत में 'फूट डालो और राज करो' की नीति किसके द्वारा अपनायी गई? [1]

अ) समाज सुधारकों द्वारा ब) राष्ट्रवादी नेताओं द्वारा

स) औपनिवेशिक शासन द्वारा द) क्रांतिकारियों द्वारा

Who adopted the policy of 'divide and rule in India'?

A) By social reformers B) By nationalist leaders

C) By colonial rule D) By revolutionaries

x) भारत के अतीत के बारे में जानकारी कहाँ से मिलती है? [1]

अ) प्राचीन व मध्यकालीन भारत से ब) ब्रिटिश कालीन भारत से

स) स्वतंत्र भारत से द) यूरोपीय इतिहास से

Where do we get knowledge about India's Past?

A) from ancient and medieval India B) from British India

C) from independent India D) from European history

xi) ब्रिटानी उपनिवेशवादी भूमि संबंधी नये नियमों ने भारत में अनेक परिवर्तन किए। निम्नलिखित में से कौन–सा सही है? [1]

अ) कौनसी फसल उगाई जाए और कौन–सी नहीं

ब) जंगलों की कटाई व चाय बागानों की खेती करना

स) ग्रामीणों, चरवाहों व गड़रियों का जंगलों में प्रवेश प्रतिबंधित करना

द) उपयुक्त सभी

The new laws regarding british colonial land brought many changes in India. Which of the following is true?

A) Which crops ought to be grown and what ought not to be

B) Cleared trees (deforestation) and started tea plantations

C) Restricting entry of villagers, pastoralists and shapherds into the forests

D) All of the above

xii) संस्कृतिकरण, पश्चिमीकरण, आधुनिकीकरण एवं लौकिकीकरण जैसी सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रियाओं का संबंध कौन–से शासन से है? [1]

अ) गुप्त काल ब) मुगल काल

स) मौर्य काल द) औपनिवेशिक शासन

The processes of social change like Sanskritization, Westernization, Modernization and Secularization are related to which government?

A) Gupta period B) Mughal period

C) Mourya period D) Colonial rule

xiii) जहांआरा शाह नवास ने किस कुप्रथा को कुरान की मूलभावनाओं के खिलाफ बताया? [1]

अ) सती प्रथा ब) अन्तरजातीय विवाह

स) बहु विवाह द) इनमें से कोई नहीं

Which evil practice did 'Jahanara Shahnawaz' call against the true spirit of the Quran?

A) Sati B) Intercaste marriage

C) Polygamy D) None of these

xiv) 'ऐस्सेज इन सॉशियोलॉजी' पुस्तक के लेखक कौन है? [1]

अ) मैक्स वेबर  ब) एमाइल दुर्खाइम

स) कार्ल मार्क्स  द) अगस्त कॉम्ट

Who is the author of the book 'Essays in Sociology'?

A) Max Weber  B) Emile Durkheim

C) Karl Marx  D) Auguste Comte

xv) संविधान का अंतिम व्याख्याकर्ता कौन है? [1]

अ) उच्च न्यायालय  ब) राष्ट्रपति

स) उच्चतम् न्यायालय  द) कार्यपालिका

Who is the ultimate interpreter of the constitution?

A) High court  B) President

C) Supreme Court  D) Executive

xvi) 73 वें संविधान संशोधन का संबंध किसके साथ है? [1]

अ) पंचायती राज  ब) खेल

स) मनोरंजन  द) व्यापार

73rd constitutional amendment is concerned with?

A) Panchayati Raj  B) Sports

C) Entertainment  D) Business

xvii) निम्नलिखित में से जनसंपर्क साधन हैं? [1]

अ) समाचार पत्र, पत्रिकाएँ  ब) रेडियो

स) टेलीविजन, विज्ञापन, फिल्में  द) उपर्युक्त सभी

Which of the following are Mass Media (mass communications)?

A) Newspapers, Magazines

B) Radio

C) Television, Advertisements, films

D) All of above

xviii) 'दी इंडियन वुमंस मूवमेंट' पुस्तक के लेखक कौन है? [1]

अ) मनकर ओल्सन  ब) मैकार्थी व जेल्ड

स) जेम्स स्काट  द) मैत्रेयी चौधरी

Who is the author of the book 'The Indian Women's movement'?

A) Mancur Olson  B) McCarthy and Zald

C) James Scott  D) Maitrayee Chaudhuri

2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (i से vi) :–

Fill in the blanks (i to vi) :-

i) जाति एक ................ संस्था है। [1]

Caste is an _______ institution.

ii) जनजातियों को स्थायी तथा ................ विशेषकों के अनुसार विभाजित किया गया है। [1]

Tribes are divided according to permanent and _______ traits.

iii) 19 वीं सदी में .................. प्रथा का विरोध पहला अभियान था जिसने आम लोगों का ध्यान आकर्षित किया। [1]

In the 19th Century protest against the practice of _______ was the first campaign which received public attention.

iv) पाश्चात्य आधुनिकता में स्वतंत्रता, उदारवाद जैसे मूल्य शामिल थे। वहीं दूसरी ओर भारत में ब्रितानी ................ शासन में इनका अभाव था। [1]

Western modernity included values like freedom, liberalism. On the other side, they were lacking during the British _______ rule in India.

v) भारत में ............. निजीकरण की जानेवाली पहली कंपनी थी। [1]

_______ was the first company to be privatized in India.

vi) पहली आधुनिक मास मीडिया का प्रारंभ ...................... के विकास के साथ हुआ। [1]

The first modern mass media began with the development of the _______.

3) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (i से xii) :–

Very Short Answer Questions (i to xii) :-

i) एक समुदाय के रूप में राष्ट्र की स्थापना करने वाले साझे तत्व लिखिए। [1]

Write the common elements of establishing a nation as a community.

ii) संविधान किसे कहते हैं? [1]

What is called constitution?

iii) कौन–से समाजशास्त्री का मत है कि आदिवासी समाज में समतावादी लोकाचार के बावजूद उनमें स्तरीकरण के तत्त्व पाए जाते हैं? [1]

Which sociologist remarks that tribal societies have the elements of stratification instead of having egalitarian ethos?

iv) राजनीतिक दल किसे कहते हैं? **[1]**

What is called political party?

v) किसानों में आत्महत्या की दर में कमी लाने व उन्हें एकीकृत सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार कौन–से कार्यक्रम संचालित कर रही है? उनके नाम लिखिए। **[1]**

Which schemes are being run by the Government of India to reduce the suicide rate among farmers and to provide them unified help? Write there names.

vi) जॉन ब्रेमन के अनुसार 'घूमक्कड़ मजदूर' से क्या तात्पर्य है? **[1]**

What is meant by footloose labour according to Jan Breman?

vii) भारत में नियमित वेतनभोगी रोजगार व अनियमित मजदूर कितने प्रतिशत है? लिखिए। (आधार वर्ष–2018-19) **[1]**

What is the percentage of regular salaried employment and casual laborers in India? Write down (Base year 2018-19)

viii) औपनिवेशिक सरकार ने राष्ट्रवादी प्रेस पर शिकंजा कसना क्यों शुरू कर दिया? **[1]**

Why did the colonial government start clamp down on the nationalist press?

ix) भारत में टेलीविजन पर रंगीन प्रसारण कब प्रारंभ हुआ? **[1]**

When did color broadcasting on television start in India?

x) 'समाज में श्रम–विभाजन' विषय/प्रसंग पर किस समाजशास्त्री ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है? **[1]**

Which sociologist has made significant contribution on the topic of the 'division of labour in society'?

xi) ई.पी. थॉमसन ने 'जनसंकुल' तथा 'भीड़' को किस रूप में वर्णित किया है? **[1]**

How has E.P. Thompson described the crowd and mob.

xii) 'स्वच्छ भारत अभियान' व 'एकीकृत गंगा संरक्षण मिशन' का संबंध किस समस्या से है? **[1]**

With whom is 'Swachch Bharat Abhiyan' and 'Integrated Ganga Conservation Mission' related?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

लघुत्तरात्मक प्रश्न (4 से 13 तक) :–
Short Answer Questions (4 to 13) :-

4) 2001 व 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में स्त्री–पुरूष साक्षरता लिखिए। [1+1=2]
Write the male and female literacy in India according to the census of 2001 and 2011.

5) पण्यीकरण के कोई दो उदाहरण दीजिए। [1+1=2]
Give any two examples of commoditisation.

6) अर्थव्यवस्था में उदारीकरण की नीति के कोई दो उदाहरण दीजिए। [1+1=2]
Write any two example of policy of liberalisation in economy.

7) सांस्कृतिक विविधता से क्या तात्पर्य है? क्या भारत सांस्कृतिक विविधता वाला देश है? [1+1=2]
What is meant by cultural diversity? Is India a country with cultural diversity?

8) नागरिक समाज किसे कहते हैं? कुछ उदाहरण दीजिए। [1+1=2]
What is civil society? Give some examples.

9) स्वदेशी आंदोलन की भारत की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रति निष्ठा को किन कारणों ने मजबूत किया? [2]
What causes strengthened the Swadeshi movement's loyalty to India's national economy?

10) उदारीकरण व निजीकरण के कोई दो प्रभाव लिखिए। [1+1=2]
Write any two effects of liberalization and privatization.

11) 'आत्मनिर्भर भारत', 'मैक इन इण्डिया' जैसे रोजगार कार्यक्रमों के कोई दो प्रभाव लिखिए। [1+1=2]
Write any two effects of employment schemes such as 'Aatmanirbhar Bharat', 'Make in India'.

12) पिछले तीन दशकों में मीडिया उद्योग में हुए कोई दो परिवर्तन/बदलाव लिखिए। [1+1=2]
Write any two changes that have taken place in the media industry in the past three decades.

13) 'रजनी कोठारी' के अनुसार भारत में 1970 के दशक में हुए आंदोलनों के दो प्रमुख कारण लिखिए। [1+1=2]
According to 'Rajni Kothari' write two major causes for the movements in India in the 1970s.

## <u>खण्ड – स</u>

## <u>SECTION - C</u>

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न (14 से 17 तक) :–
Long Answer Questions (14 to 17) :-

14) जाति की किन्हीं तीन विशेषताओं का उदाहरण सहित संक्षिप्त वर्णन कीजिए। [1+1+1 =3]
Briefly describe any three characteristics of caste with examples.

अथवा/OR

अंग्रेजी शासन में प्रारंभ जनगणना से परंपरागत जाति व्यवस्था में क्या एक नया जीवन प्रारंभ हो गया? तथ्यात्मक वर्णन कीजिए। [3]
Did a new life begin in the traditional caste system with the census started during the British rule? Describe factually.

15) ग्रामीण–नगरीय पारस्परिक संबंधों ने जाति आधारित व्यवसायों पर क्या प्रभाव डाला? अपने विचार लिखिए। [3]
What impacts did the mutual relations (interconnection) between rural - urban economy have on caste based occupations? Write your ideas.

अथवा/OR

ब्रिटिश कालीन जमींदारी व्यवस्था क्या थी? इसका कृषि व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ा? [1½+1½=3]
What was the zamindari system during the British period? What effects did it have on agricultural system?

16) भूमण्डलीकरण से क्या तात्पर्य है? उपनिवेशकालीन भूमण्डलीकरण पर प्रकाश डालिए। [1+2=3]
What is meant by globalization? Throw light on globalization during colonial period.

अथवा/OR

भूस्थानीयकरण से क्या तात्पर्य है? भारतीय संदर्भ में भूस्थानीयकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। [1+2=3]
What is meant by 'glocalization'? Describe the process of glocalization in Indian context.

17) भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया व 'उपयोग की संस्कृति' में क्या संबंध है? कुछ उदाहरण दीजिए। [2+1=3]
What is the relationship between the process of globalization and the culture of consumption? Give some examples.

अथवा/OR

'निगम संस्कृति' क्या है? बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने इसे किस प्रकार प्रभावित किया है? [1½+1½=3]
What is 'corporate culture'? How have multinational companies affected it?

## खण्ड – द

## SECTION - D

**निबंधात्मक प्रश्न** (200 **शब्द,** 18 **से** 20 **तक) :–**

Essay type questions (200 words, 18 to 20) :-

**18)** **'जनसांख्यिकीय लाभांश' से क्या तात्पर्य है? क्या बदली हुई आयु संरचना भारत को जनसांख्यिकीय लाभांस प्रदान कर रही है? विश्लेषण कीजिए।** **[1+3=4]**

What is meant by 'demographic dividend'? Is the changing age structure providing demographic dividend to India? Analyze.

अथवा/OR

**स्त्री–पुरूष अनुपात क्या है? माता–पिता आज भी बेटियों की तुलना में बेटों को अधिक पसंद करते हैं? आपकी राय में इसके क्या कारण हो सकते हैं? लिखिए।** **[1+3=4]**

What is sex-ratio? Parents still prefer to have sons rather than daughters. What could be the reasons for this in your opinion?

**19)** **आधुनिक काल में जाति तथा आर्थिक असमानता (सामाजिक तथा आर्थिक प्रस्थिति) के मध्य क्या संबंध है? आनुभविक विश्लेषण कीजिए।** **[4]**

What is the relationship between caste and economic inequality (Social and Economic Status) in modern time? Do empirical analysis.

अथवा/OR

19 **वीं शताब्दी में स्त्रियों की स्थिति में सुधार हेतु किए गए प्रयासों का संक्षिप्त आनुभविक विश्लेषण कीजिए।** **[4]**

Do the brief empirical analysis of the efforts made to improve the status of women in the 19th Century.

**20)** **पश्चिमीकरण को परिभाषित कीजिए। क्या पश्चिमीकरण की प्रक्रिया ने भारत में सभी समूहों एवं पक्षों को समान रूप से प्रभावित किया है या नहीं? अपनी मौलिक राय लिखिए।** **[1+3=4]**

Define westernization. Has the process of westernization affected all groups and of India equally or not? Write your fundamental ideas.

अथवा/OR

**आधुनिकीकरण क्या है? क्या आधुनिकीकरण संकीर्ण दृष्टिकोण के स्थान पर सार्वभौमिक दृष्टिकोण में वृद्धि करता है? आप पश्चिमीकरण व आधुनिकीकरण दोनों में से किसे अधिक महत्त्व देंगे?** **[1+2+1=4]**

What is modernization? Does modernization increase universal attitudes instead of parochial perspectives? Would you give more importance to westernization or modernization?

☯☯☯☯

DO NOT WRITE ANYTHING HERE